

## एक नजर में

### सुकन्या आधार अपडेशन कैम्प आज

**देवास।** भारतीय डाक विभाग द्वारा आज 20 अगस्त को सुकन्या समृद्धि योजना, डाक जीवन बीमा, आधार एनरोलमेंट हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किड्स जी स्कूल अपेक्स हास्पिटल के सामने एबी रोड पर सुबह 10 से 5 बजे तक किया जाएगा। जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का नया आधार कार्ड भी बनाया जाएगा। इसके अलावा डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाने के लिए बेटी की उम्र जन्म से 10 वर्ष तक होना चाहिये। न्यूनतम राशि 250 रू से खाता खुलेगा जिसमें एक वर्ष में अधिकतम एक लाख पचास हजार रूपये जमा कर सकते हैं। इसकी ब्याजदर 8.2 रहेगी। आयकर में छूट, इसकी परिपक्वता खाता खुलने से 21 वर्ष रहेगी। इस योजना में हायर एज्युकेशन के लिए 18 वर्ष की आयु में जमा राशि का 50 प्रतिशत निकाल सकते है। मार्केटिंग एक्जिक्टिव ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कैंप का लाभ लें।

### सीनियर आट्या-पाट्या चैंपियनशिप का आयोजन

**देवास।** जिला आट्या-पाट्या एसोसिएशन के सचिव राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि सीनियर आट्या-पाट्या महिला एवं पुरुष चैंपियनशिप का आयोजन 27 एवं 28 सितंबर को पद्मजा हायर सेकेंडरी स्कूल खेल मैदान में किया जा रहा है. इस प्रतियोगिता में इंदौर, खंडवा, उज्जैन, आगर, शाजापुर एवं देवास की टीमें भाग लेंगी एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन भी किया जाएगा। आयोजन समिति डॉ कोमल जैन, पी.एम. तिवारी, स्वप्निल जैन, पंकज वर्मा, शिवनारायण टांडी एवं अनिल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संचालित होगी। खिलाड़ियों की आवास एवं भोजन व्यवस्था संगठन के द्वारा की जाएगी.।

### प्रधानमंत्री को दी जन्मदिन की बधाई



**देवास।** धार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धार जिला आगमन पर जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पहुंच करके देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री एवं धार जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार भाई मैडा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस दौरान देश प्रदेश के कई भाजपा नेता भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मंत्री विधायक एवं सैकड़ो की संख्या में नागरिक जन महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### अध्यक्ष बनने पर मंडलोई का स्वागत




**देवास।** मध्य प्रदेश गुर्जर समाज के अध्यक्ष बनने पर ग्राम डेहरीया निवासी रामनिवास मंडलोई का भव्य स्वागत किया ग्राम मोहाई जागीर के गुर्जर समाज के समाजसेवी एवं मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के स्वयंसेवक रामकिशोर यादव भूरा के नेतृत्व में नगर सतवास में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्री मंडलोई को पूर्व सरपंच एवं भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जगदीश यादव, नाना गुर्जर, मुकेश गुर्जर, लाला पटेल आदि समाजजनों ने बधाई दी।

### आनंद आश्रम में नवरात्रि में होगा अनुष्ठान



**सोनकच्छ।** अखंड तीर्थ आनंद आश्रम में अखंड प्रकाश मंडल सेवा एवं परमार्थिक ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा सप्तशती का प्रतिदिन पाठ पूजन आरती व महानवमी पर हवनात्मक महा आहुति यज्ञ, आरती व प्रसाद वितरण करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर आनंद आश्रम के अध्यक्ष अजयसिंह बघेल के तीर्थ यात्रा करने पर आश्रम परिवार की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बाबूलाल परमार, कैलाश चंद माहेश्वरी, लक्ष्मी नारायण शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, राधेश्याम जोशी, सौभागसिंह ठाकुर, मधुसूदन राठी, ओमप्रकाश पाटनी, अर्पणा मुंगी, मेवा लाल कुमावत, पंडित गणेश शर्मा राजाराम प्रजापत व भक्तगण उपस्थित थे।

### काका ठाकुर पटेल का निधन



**भौरासा।** ग्राम सुमरा खेड़ी के बाबूलाल पटेल के भाई, सुभाष पटेल के पिताजी दीपक के दादा जी, कमल, सरपंच परसोत्तम, जितेन्द्र, तेज सिंह पटेल के काका ठाकुर पटेल का निधन हो गया उनके निधन पर ग्राम सुमरा खेड़ी नारायण सेठ, मकुंद पटेल, रामलाल लाइनमैन हुकम पटेल मोहन पटेल, सरपंच परसोत्तम पूर्व सरपंच प्रहलाद पटेल जगदीश पटेल मुकेश पटेल पटेल भगत पटेल सरदार भाई रवि पवन पटेल, भौरासा नगर पंचायत अध्यक्ष संजय महाराज वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम नागर नाना गुरु, लाल सिंह पहलवान, अनिल चावड, पूर्व मंडल अध्यक्ष आराम सिंह ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, दूध संघ अध्यक्ष राजकुमार पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नागजीराम यादव, अध्यक्ष रमेश इनानी, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, रमेश चंद्र जाजू, डॉ रूप सिंह नागर, पार्षद भादर सिंह भाटी, वशुली पटेल जसवंत सिंह राजपूत, पार्षद धर्मेंद्र प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार अभय नागर, संतोष गोस्वामी, मनोज जोशी, जीवन सिंह ठाकुर गेंदा प्रेमचंद सेठी, अशोक वर्मा, हेमेंद्र सिंह ठाकुर, नरेंद्र माली अश्विन जायसवाल, मुकेश कुमावत मूलचंद उस्ताद, देवी सिंह लोधी नागेश कदम समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### पद संचलन के लिए दे रहे पीले चावल

**उदयनगर।** संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त प्रत्येक मंडल का पद संचलन का आयोजन संपन्न किया जाना तय किया गया है जिसमें उदय नगर मंडल का पथ संचलन आने वाली 5 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से संपन्न होगा जिसके लिए कार्यकर्ता पिछले 15 दिन से 25 कार्यकर्ताओं को टोली बनाकर गांव गांव घर-घर संपर्क किया जा रहा है पर पीले चावल देकर निमंत्रण दे रहे हैं इस निमित्त कल प्रातः 9 बजे से एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें आसपास के ग्रामीण जन व उदय नगर के सभी कार्यकर्ता बंधु शामिल होंगे 300 वाहन की विशाल वाहन रैली गाड़ी पर भगवा झंडे लगाकर संपन्न की जाएगी उदय नगर के शिवालय मंदिर में से प्रारंभ होकर मिर्जापुर से लेकर इमली पुरा इमली पुरा से रामपुरा होती हुई पुन शिवालय में आएगी वहां इस रैली का समापन किया जाएगा।

## पुस्तक विमोचन एवं प्रमाण पत्र वितरण के साथ वेल्यू एडेड, एड-आन कोर्स का समापन



**देवास।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में 19 सितम्बर को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ एवं वाणिज्य संकाय के संयुक्त तत्वावधान में वर्तमान परिदृश्य में रोजगार के अवसर विषय पर पूर्व आयोजित अंतरर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (जनवरी 2025) में प्राप्त शोध पत्रों का आयएसबीएन के रूप में प्रकाशन उपरांत पुस्तक-विमोचन एवं प्रकोष्ठ द्वारा संचालित अल्पावधि रोजगारोन्मुखी वेल्यू एडेड, एड-आन कोर्स साइबर सिक्योरिटी, फैशन डिजाइनिंग, तथा क्रिएटीव मालाकार के विषय विशेषज्ञों, प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण हेतु समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पाठयपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष रायसिंह सेंधव रहे। भरत चौधरी, मनीष पारिक, दुर्गेश सेन, नवीन सोलंकी, पुष्पेन्द्र झाला, मीना भवालकर, नयन कानूनगों, विजय बाथम ने मंच को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस.राणा ने की। कार्यक्रम संयोजक एवं शोध पुस्तक संपादक डॉ. मनोज मालवीय मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन से आरम्भ कार्यक्रम में सरस्वती वंदना को मधुर स्वर अतिथि विद्वान खुशबू बेग एवं डॉ. माया ठाकुर ने दिए। इसी श्रृंखला में अतिथियों द्वारा महाविद्यालय प्रागंण में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं श्रीमंत् हिजहायनेस महाराजा कृष्णाजीराव पवार तृतीय की प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर सम्मान प्रकट किया गया। तत्पश्चात पुष्पगुच्छ और उत्तरीय से आमंत्रित अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। अतिथि परिचय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनीष पारिक ने दिया तथा महाविद्यालय में विभिन्न संचालित पाठ्यक्रमों की संख्या को देखते हुए स्थान की कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में शोध पुस्तक एवं डॉ. मनोज मालवीय द्वारा लिखित व्यवसायिक अर्थशास्त्र पुस्तक का विमोचन किया गया। डॉ. मनोज मालवीय ने अपनी पुस्तक पिता के.एस.मालवीय को समर्पित की और कहा कि मध्यप्रदेश शासन की नवीन शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम में यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद होगी। मुख्य अतिथि श्री सेंधव ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोजगारपरक शिक्षा वर्तमान समय की मांग है। महाविद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं रोजगारपरक अल्पावधि पाठयक्रम इस दिशा में मील के पत्थर सिद्ध होगें और महाविद्यालय नित नवीन ऊँचाईयों को छू पायेगा। कार्यक्रम के अंत में वेल्यू एडेड, एड ऑन कोर्स में विषय विशेषज्ञ एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किये गये। आयोजन हेतु गठित समिति सदस्यों के सहयोग एवं विद्यार्थियों की अनुशासनबद्ध उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। संचालन डॉ. बरोनिया ने किया तथा आभार ग्रंथालय प्रभारी नीरज जैन ने व्यक्त किया।

### विद्यार्थियों का भविष्य शिक्षकों के मार्गदर्शन पर निर्भर रहता है

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शुजालपुर के विभाग प्रमुख दुर्गेश सेन ने विद्यार्थियों और शिक्षक को एक दूसरे का पूरक बताया और कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य शिक्षकों के मार्गदर्शन पर निर्भर रहता है। महाविद्यालय का यह आयोजन निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए लाभदायक एवं प्रेरणास्पद रहेगा। अध्यक्षीय उदबोधन में प्राचार्य डॉ. राणा ने कहा कि यह महाविद्यालय देवास जिले का सबसे बड़ा महाविद्यालय हैं पर पूरे मध्यप्रदेश के प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालयों में सबसे छोटा केम्पस इसी महाविद्यालय का है जिसके कारण अन्य कई कोर्सेस आरम्भ करने में व्यवहारिक कठिनाईयाँ आ रही है। देवास जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों के अन्यत्र पलायन को रोकने के लिए इसी तरह के अन्य रोजगार परक पाठयक्रमों को प्रारम्भ करने की महती आवश्यकता पर बल दिया।

## विज्ञान महाविद्यालय प्राचार्य को सम्मानपूर्वक दी विदाई



**देवास।** स्व. तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास के प्राचार्य डॉ. माधवी माथुर के सेवा निवृत्ति के अवसर पर सम्मान समारोह विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस देवास के प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. राणा, एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉ. आर.एस.अनारे, डॉ. आर.के. मराठा, डॉ. विद्या माहेश्वरी, डॉ. संजय गाडगे, डॉ अजय कुमार चौहान प्राचार्य शासकीय विधि महावि. देवास, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव शासकीय महावि. सोनकच्छ, संग्राम सिंह साठे शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण एवं माँ सरस्वती वंदना के साथ हुआ जिसकी प्रस्तुति डॉ. कल्पना सिंह ने दी। इस अवसर पर डॉ. एस.पी.एस. राणा ने प्राचार्य के 13 वर्ष के सफल कार्यकाल की उपलबधियॉं की बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त सम्मान समारोह के कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय सिंह बरोनिया, प्रो. नाजनीन पठान ने किया। महाविद्यालय के सभी सदस्यों ने प्राचार्य डॉ. माधवी माथुर के सम्मान में अभिनन्दन पत्र एवं कविताओं, गीत संगीत की प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। डॉ. माधवी माथुर प्राचार्य द्वारा प्रो. प्रमोद कुमार पलांश्या को महाविद्यालय के प्राचार्य पद का प्रभार दिया गया। सक्रिय. संहयोग डॉ. आराधना डिकूना, डॉ. प्रेमलता चौहान, डॉ. प्रीति मालवीय, डॉ. शशी सोलंकी, डॉ. लीना दुबे, प्रो. संदीप नागर, प्रो. गिरीश शिव, डॉ. ममता शाक्य, डॉ. ममता पथराडे का रहा। इसी क्रम में सम्मांन समारोह के अंतर्गत शॉल श्रीफल उपहार स्परूप भेट किया गया। इस अवसर पर डॉ. अमित द्विवेदी, डॉ. मेघा वाजपेई, डॉ. संगीता गुप्ता, डॉ. मेधा मण्डलिक, नलीनी सोनी, दीपक गुप्ता, डॉ. आकांक्षा शर्मा, डॉ. पूर्णीमा करील, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. दिव्या पाटिदार, प्रो. भावना झोड, जैद अहमद, प्रो. गणेश कुशवाह, प्रो. रश्मि पाटिल, प्रो. प्रियंका सोलंकी, प्रो. पूजा वर्मा, प्रो. वंदना देशमुख, ममता परिहार, सरिता चौहान, सपना राठौर उपस्थित रहे।

## आयुक्त ने किया कचरा संग्रहण गाड़ियों के डिपो का निरीक्षण

**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा शहर मे घरों घर कचरा संग्रहण करने वाली कचरा गाड़ियों के सुचारू संचालन करने के निर्देश देने के उपरांत शुक्रवार 19 सितम्बर को उज्जैन रोड स्थित गाड़ियों के संधरण, संचालन के डिपो का निरीक्षण प्रात कालीन निरीक्षण के दौरान किया गया साथ ही वार्ड 23, 25, 26 की सफाई कार्य का भी सघन निरीक्षण कर इन वार्ड क्षेत्रों मे किसी भी तरह से कचरा पाईंट नही बन पाये ऐसे निर्देश स्वच्छता निरीक्षकों को दिये। आयुक्त के द्वारा डिपो के निरीक्षण मे कचरा गाड़ियों के संचालन पर जीपीएस सिस्टम की जानकारी ली गई। जिसमे उनके द्वारा पुछा गया कि जीपीएस केसे कार्य कर रहा है। ड्रायवर स्टॉप लेने पर कैसे उसकी कार्यवाही करते है एवं प्रतिदिन किलो मिटर की जानकारी चाही। सुबह कचरा संग्रहण गाड़ियां कितने बजे निकलती है। गाड़ियों की गति की जानकारी ली गई एवं वार्ड मे कचरा संग्रहण करने का टाईमिंग क्या है कि जानकारी भी ली गई।

## शारदीय नवरात्र में 10 दिन की होगी दुर्गापूजा, 11 वें दिन दशहरे मनेगा

**तैयारियों में जुटी हुई समितियां**

**सोनकच्छ।** नगर व क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की शुरुआत 22 सितंबर से पूरे भक्ति भाव से की जाएगी। इसे लेकर दुर्गा मंदिरों में साफ सफाई रंग रोगन का कार्य अंतिम चरणों में है। देवी मंदिरों में आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। वहीं दूसरी दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा भव्य पंडालों का निर्माण कर उसमें मनमोहक माता प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। इसे लेकर समितियां पिछले 10 दिनों से तैयारियों में जुटी हुई है। समितियों द्वारा पंडाल के समक्ष आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। कई समितियों द्वारा नौ दिन माता प्रतिमा के सम्मुख गरबे नृत्य का आयोजन के साथ विभिन्न प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यकर्मो का आयोजन भी किया जाएगा। जिसकी तैयारियां भी अंतिम दौर में चल रही है। वहीं मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार भी माता प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुट गए है। नगर व ग्राम सांवेर में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर माता की प्रतिमा विराजित होगी। नगर व क्षेत्र की कई समितियां छिंदवाड़ा, महु, इंदौर, देवास, बुराहनपुर आदि स्थानों से माता प्रतिमा ला रहे है। इस वर्ष 10 दिनों की नवरात्र पर्व मनाया जाएगा। पंचांग के मुताबिक इस वर्ष दो चतुर्थी होने की वजह से नवरात्र पर्व दस दिनों का हो गया है। 11 वें दिन दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। इधर नगर परिषद द्वारा पंडालों के सामने हो रहे गड्डो को सीमेंटीकरण कर व्यवस्थित किया गया है।



### मैना देवी के नेत्रदान दान हुए

**सोनकच्छ।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की सोनकच्छ इकाई द्वारा चलाए जा रहे नेत्रदान प्रकल्प के प्रति नगर एवं आसपास में जनजागृति की लहर चल रही है और नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। मंगलवार को दिगम्बर जैन समाज सोनकच्छ के निर्मल कुमार, सुरेशचन्द्र, दिनेश कुमार, अशोक कुमार पाटनी (राजस्थानी) की पूज्य माताजी एवं पत्रकार रोमिल पाटनी की पूज्य दादीजी नेत्रदानी स्व. श्रीमती मैनादेवी पाटनी का असामायिक निधन हो गया। शोकाकुल परिजनों ने नेत्रदान की सहमति प्रदान की। नेत्रदान के लिए एम.के. इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर को खबर की, वहां से सीनियर टेक्नीशियन देवेंद्र ठाकुर व सुमीत ठाकुर ने आकर सफलता पूर्वक नेत्रदान संपन्न कराया। पाटनी परिवार को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

## नगर की पहचान बना गुरु का लंगर



**काँटाफोड़।** नगर में बस स्टैंड पर मां राजराजेश्वरी प्रांगण में गुरु का लंगर माता-पिता के नाम को सतत चलते हुए लगभग डेढ़ वर्ष होने को है, गुरु का लंगर संपूर्ण जिले में नगर की पहचान बन गया है। बाहर से आए व्यक्ति गुरु के लंगर को देखकर बहुत अधिक प्रसन्न होते हैं और नगर में चल रहे इस तरह के कार्य की प्रशंसा करते हैं। गुरु का लंगर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा के दिग्गज नेता पोपेंद्र सिंह बग्गा द्वारा अपने माता-पिता और पुत्र की याद में चलाया जा रहा है। जिसमें रोजाना लगभग 500 से 700 व्यक्ति भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। इस लंगर में नगर के नागरिकों द्वारा बढ़-चढ़कर सेवा कार्य भी किया जाता है। लंगर प्रतिदिन 11.30 बजे से लगाकर 2बजे तक चलता है। नगर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र के व्यक्ति भी लंगर में भोजन प्रसादी ग्रहण करने पहुंचते हैं। जिले मे नगर को गुरु के लंगर वाला नगर के नाम से पहचाना जाने लगा है।

## मगध इंजीनियरिंग श्रमिक संगठन ने राष्ट्रीय श्रम दिवस मनाया



**देवास।** मगध इंजीनियरिंग श्रमिक संगठन के कमलेश यादव ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी उद्योगों में कार्य करने वाले श्रमिक परिवारों के साथ स्वास्तिक गार्डन विकास नगर में भगवान विश्वकर्मा, भारत माता, राष्ट्र ऋशि संत दन्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर पधारे अतिथि भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड़, संघ विभाग सहकारवाह सतीष शर्मा, म.प्र. कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ प्रदेश महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय, इंजीनियरिंग श्रमिक संगठन के जिला महामंत्री महेन्द्रसिंह परिहार, ओमप्रकाश रघुवंशी, विभाग प्रमुख अजय उपाध्याय, जनार्दन पैठनकर, रामेश्वर धाकड़ ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। महेन्द्र परिहार ने मानवता के लिए उषा की किरण जगाने वाला गीत गाया। पधारे अतिथियों का अंग वस्त्र से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि धनंजय गायकवाड ने कहा कि आज भारतीय मजदूर संघ पूरे देश में भगवान विश्वकर्मा जयंति को राष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में मना रहा है। मगध के 200 परिवारों का सामूहिक उत्सव प्रेरणा दायक है। आज हमें श्रमिकों की एकता का स्वरूप चाहिये जिससे आने वाले समय में आंदोलन की दिशा और दशा तय की जावेगी। भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रीय हित, उद्योग हित, श्रमिक हित पर कार्य करता है। हम आव्हान करते है कि असंगठित क्षेत्र, संगठित क्षेत्र के श्रमिक एक होकर कार्य करें। इस अवसर पर ब्रज मोहन भदोरिया, अनिल सिंह यादव, सुरेश पांडे, जीवन सिंह मेहरा, सुनील पटेल, ईश्वर भान्दे, मोहन पंवार, अनिल पाटेकर, सुरेन्द्र कुमार तिवारी, राम सुमिरन पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्रसिंह परिहार ने किया तथा आभार कमलेश यादव ने माना।

## इस रोड़ से नवरात्रि में गुजरेंगे नगर सहित आसपास के श्रद्धालु

**शक्ति माता मंदिर पर होते है अनेक कार्यक्रम**

**भौरासा।** अभी जहा नवरात्रि शुरु होने में कुछ ही दिन शेष है मंदिरों में रंगाई पुताई सहित साज सज्जा की तैयारी चल रही है तो वही क्षेत्र का एकमात्र भव्य अतिप्राचीन शक्ति माता मंदिर जहां श्रद्धालु नवरात्रि में प्रतिदिन हजारों की संख्या दर्शन के लिए पहुंचते हैं वही कई श्रद्धालु नवरात्रि में प्रतिदिन अलग अलग प्रकार के उपवास करते हैं जैसे कि भूखे पेट रहना वही कई श्रद्धालु नो ही दिन चप्पल पहना भी छोड़ देते हैं अब हम बात कर रहे है शक्ति माता मंदिर पहुंचने वाले उस पंडक पाला मार्ग की जहा लोगों का वाहन तो दूर पैदल चलना भी दुश्वार है यह रोड़ काफी गड्ढों से भरा हुआ है इस रोड़ पर आए दिन कीचड़ व पानी के डोबने भरे रहते हैं जो राहगीरों के लिए भी मुसीबत का कारण बनते है इस नवरात्रि से पूर्व नगर परिषद को इस मार्ग पर मुरम व चुरी डलवाना चाहिए जिससे नगरवासियों सहित आसपास के श्रद्धालु को इस मार्ग से निकलने में आसानी हो सकेगी!



### इनका कहना है

इस संबंध में जब नगर परिषद सीएमओ श्रीमती ठाकुर से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा कहा गया कि मुझे अभी ज्वाइन हुए दो दिन ही हुए हैं मुझे इस बात की जानकारी नहीं थी आपके द्वारा पता चला है जल्द ही नवरात्रि से पहले इस रोड पर मोरम व चुरी डलवा दी जाएगी जिससे श्रद्धालुओं को निकलने में दिक्कत ना हो।

**श्रीमती प्रमिला ठाकुर**
**नगर परिषद सीएमओ**

## बे मौसम बारिश ने किसानों के चेहरे मुरझाए



**काँटाफोड़।** सोयाबीन की फसल लगभग पक कर तैयार हो चुकी है इस बीच बारिश ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। विगत दो दिनों से नगर में अत्यधिक वर्षा हो रही है जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीर साफ देखी जा सकती है। किसानों का कहना है कि इस तेज बारिश से सोयाबीन की फसल को काफी नुकसान होगा दाने बारिक रह जाएंगे। और फली टूटकर गिर जाएगी। पहले ही बारिश कम होने की वजह से फसलों को थोड़ा बहुत नुकसान हुआ है अब ज़ब फसल लगभग पक कर तयार होने को हैं, तो इस तरह की तेज बारिश से और ज्यादा नुकसान होगा। पहले ही किसान अपनी फसल की मूल्य को लेकर परेशान रहता है 7000 से 8000 रुपए प्रति कुंटल के भाव से बीज खरीद कर बोता है और निकलते वक्त उसे 3000 से 3500 के भाव ही मिलते हैं।

**एक नजर** विगत कई वर्षों से हो रहा है यह सार्वजनिक तर्पण संस्कार

## सर्व पितृ अमावस्या तिथि पर दिवंगत आत्माओं का होगा सामूहिक तर्पण संस्कार

**बागली।** 21 सितंबर रविवार को पिपरी स्थित मनकामेश्वरी नर्मदा मंदिर परिसर में ज्ञात अज्ञात दिवंगत आत्माओं का सामूहिक तर्पण संस्कार संपन्न होगा। सनातन विचार मंच परिसर में होने वाले इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के संयोजक गिरधर गुप्ता ने बताया कि श्राद्ध पक्ष के 16 दिन में प्रत्येक तिथि पर दिवंगत आत्माओं के अवसान तिथि अवसर पर मृत दिवस तिथि को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए याद किया जाता है। मान्यता यह है कि वर्ष के 16 दिन तक श्राद्ध पक्ष रहता है और दिवंगत आत्माएं तर्पण मुक्ति के लिए भूमंडल में विचरण करती है। उनका तर्पण संस्कार बेहद जरूरी है। लेकिन इस पावन धरा पर ऐसी भी कई पुण्य आत्माएं हैं। जो अज्ञात परिस्थिति में अवसान कर गई जिसमें सीमा पर शहीद होने वाले सैनिक तीर्थ यात्रा के दौरान जाने वाले श्रद्धालु पवित्र नदियों के किनारे और मंदिरों में रहने वाले साधु संत के साथ दूरस्थ अंचलों में बगैर परिजनों की जानकारी में देह त्याग देते हैं। एसी सभी पुण्य आत्माओं का तर्पण 21 सितंबर अमावस्या तिथि पर मनकामेश्वरी मंदिर पिपरी में किया जाएगा सुबह 9.30 से 11.30 तक चलने वाले तर्पण संस्कार कार्यक्रम में पहलगाम में शहीद हुए भारतीय नागरिकों को भी याद करते हुए तर्पण विधि संपन्न होगी संस्था के अन्य वरिष्ठ सदस्य प्रदीप मेहता ने बताया कि तर्पण विधि में आम नागरिक भी अपने परिजनों की याद में तर्पण संस्कार कर सकते हैं जिसका कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा सभी व्यवस्था संस्था की ओर से रहेगी अतिथि विद्वान पंडित विवेक पंडित जी ने बताया कि यह कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न होगा इसलिए जो भी परिजन अपने बिछड़े परिजनों की याद में तर्पण करना चाहते हैं तो वह अवश्य संपर्क करें। समिति द्वारा बाहर से आए अतिथियों और परिजनों के लिए विश्राम की और भोजन की व्यवस्था भी कर रहे हैं। संस्था से जुड़े वरिष्ठ सदस्य गिरधर गुप्ता ने हमारे संवाददाता को बताया कि सभी संस्कारों में महत्वपूर्ण संस्कार अंतिम संस्कार रहता है। लेकिन उसके बावजूद भी मानव जीवन उद्धार के लिए तर्पण संस्कार भी बहुत आवश्यक है। उसके बगैर सनातन धर्म में मानव को मुक्ति नहीं मिलती यही उद्देश्य को लेकर हमने यह परंपरा शुरू की है।